पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

समाज कल्याण मंत्री ने क्षेत्रीय कर्मचारियों को किया लैपटॉप वितरण

संसाधनों का अभाव अब नहीं बनेगी बाधा, सभी पात्र व्यक्तियों को मिलेगा लाभ
विभाग के समस्त 497 एडीओ, वीडीओ एवं सुपरवाइजर को दिए जा रहे लैपटॉप
योजनाओं के क्रियान्वयन में आएगी तेजी

बयान– विभाग के समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों को संसाधन युक्त किया जा रहा है, जिससे तकनीकी का प्रयोग कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके, एवं प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना से आच्छादित किया जा सके

–असीम अरुण, राज्य मंत्री, (स्व. प्र.) समाज कल्याण, उ0प्र0

लखनऊः 31 मार्च, 2023

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण द्वारा आज अयोध्या में मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान जनपद अयोध्या के विभागीय क्षेत्रीय कर्मचारियों एडीओ, वीडीओ एवं सुपरवाइजर को लैपटॉप वितरित किए गए। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के दृष्टिगत समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्रीय कर्मचारियों को लैपटॉप, प्रिंटर, अलमीरा, फर्नीचर, एवं आवश्यक स्टेशनरी प्रदान की गई है।

वर्तमान में विभाग की ऑनलाइन संचालित योजनाओं का नियमित अनुश्रवण, क्रियान्वयन, आवेदन का त्वरित निस्तारण एवं सत्यापन किए जाने हेतु आवश्यक संसाधन लैपटॉप इत्यादि उपलब्ध होने से पात्र व्यक्तियों को समय से लाभ मिल पाएगा एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हे भी योजना का लाभ प्रदान किए जाने में आसानी होगी।

सम्पर्क सूत्र– पावेल बन्धु

राघवेन्द्र / 06:10 PM